लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........
दिनांक...31.10.2019........ पृष्ठ सं....6........ कॉलम....1-5........

**मिला सम्मान** • भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने लखनऊ में हुई बैठक में पुरस्कार प्रदान किया

# एचएयू के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल को गन्ना अनुसंधान को लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल को गन्ना अनुसंधान में किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया। हाल ही में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ (कर्नाटक) में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (गन्ना) की वार्षिक समीक्षा बैठक में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। केंद्र ने यह पुरस्कार लगातार दूसरी बार प्राप्त किया है। विवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल की गन्ना अनुसंधान टीम को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी।



एचएयू के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल को गन्ना अनुसंधान को लगातार दूसरी बार किया सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित

अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने बताया कि अपनी स्थापना से ही उचानी स्थित इस केंद्र ने गन्ना अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। गन्ना की उन्नत किस्में पैदा की हैं, जिनमें को.एच. 35, को.एच. 56, को.एच. 92, को.एच.99, को.एच.110, को.एच.119 प्रमुख हैं। इसी कार्यशाला में एक नयी किस्म को.एच.13263 केंद्रीय किस्म अनुमोदन समिति के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत की गई। साथ ही नयी प्रविष्ठियां विभिन्न केन्द्रों पर शोध के लिए भेजी गई हैं, ताकि भविष्य में अच्छी किस्में तैयार की जा सकें। अभी हाल में हरियाणा राज्य किस्म अनुमोदन समिति ने इस केंद्र द्वारा विकसित किस्म को.एच.160 की सिफारिश की है। सस्य विज्ञान में गन्ना आधारित फसल-चक्र में कार्बन सिक्वेस्ट्रेसन, पर्यावरण परिवर्तन आधारित शोध कार्य काफी सराहनीय रहे हैं। उन्होंने डॉ. धर्मबीर यादव, डॉ. रमेश, डॉ. मेहर चंद, डॉ. महाबीर, डॉ. ओपी चौधरी, डॉ. विजय कुमार, डॉ. रणसिंह, डॉ. सुधीर शर्मा व गन्ना अनुसंधान टीम को बधाई दी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........हरि भूमि........
दिनांक 31.10.2019 ........ पृष्ठ सं. 14 ........ कॉलम 7-8 ........

# गन्ना अनुसंधान कार्यों के लिए हकृवि केंद्र सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल को गन्ना अनुसंधान में किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हाल ही में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ (कर्नाटक) में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (गन्ना) की वार्षिक समीक्षा बैठक में यह पुरुस्कार प्रदान किया गया। गौरतलब है कि इस केंद्र ने यह पुरस्कार लगातार दूसरी बार प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी,करनाल की गन्ना अनुसंधान टीम को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी।

अनुसंधान निदेशक डॉ. एस. के. सहरावत ने बताया कि ,अपनी स्थापना से ही उचानी स्थित इस केंद्र ने गन्ना अनुसंधान के क्षेत्र में उगेखनीय योगदान दिया है। गन्ना की उन्नत किस्में पैदा की हैं जिनमें प्रमुख हैं - को.एच.35, को.एच.56, को.एच.92, को.एच.99, को.एच.110, को.एच.119। इसी कार्यशाला में एक नयी किस्म को.एच.13263 केंद्रीय किस्म अनुमोदन समिति के समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत की गयी है, तथा नयी प्रविष्ठियां विभिन्न केन्द्रों पर शोध हेतु भेजी गयी हैं, ताकि भविष्य में अ छी किस्में तैयार की जा सकें। अभी हाल में हरियाणा रा य किस्म अनुमोदन समिति ने इस केंद्र द्वारा विकसित अगेती किस्म को.एच.160 की सिफारिश की है। सस्य विज्ञान में गन्ना आधारित फसल-चक्र में कार्बन सिक्वेस्ट्रेसन, पर्यावरण परिवर्तन आधारित शोध कार्य काफी सराहनीय रहे हैं। रोग-रोधी व कीट-रोधी किस्में तैयार करने में इस केंद्र के वैज्ञानिकों की महती भूमिका रही है। इसके अलावा विभिन्न रोग व कीट प्रबंधन प्रणालियाँ विकसित की गयी हैं।

उन्होंने डॉ. धर्मबीर यादव, डॉ. रमेश, डॉ. मेहर चंद, डॉ. महाबीर, डॉ. ओपी चौधरी, डॉ. विजय कुमार, डॉ. रणसिंह, डॉ. सुधीर शर्मा व गन्ना अनुसंधान टीम को बधाई दी तथा कहा हमें आशा है कि आने वाले समय में यह केंद्र भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....पँजाब केसरी....
दिनांक 31. 10. 2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 4-5



डा. धर्मबीर व उनकी टीम पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

# क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र उचानी सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित

हिसार, 30 अक्तूबर (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल को गन्ना अनुसंधान में किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हाल ही में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ (कर्नाटक) में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (गन्ना) की वार्षिक समीक्षा बैठक में यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि इस केंद्र ने यह पुरस्कार लगातार दूसरी बार प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल की गन्ना अनुसंधान टीम की सराहना की।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......नित्य शक्ति टाइम्स......
दिनांक 30.10.2019 ...... पृष्ठ सं. 2 ...... कॉलम 1-6 ......

# गन्ना अनुसंधान में उत्कृष्ट योगदान के लिए हकृवि के उचानी केन्द्र को मिला सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार

हिसार, 30 अक्तूबर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल को गन्ना अनुसंधान में किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा सर्वश्रेष्ठ योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हाल ही में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ (कर्नाटक) में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (गन्ना) की वार्षिक समीक्षा बैठक में यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि इस केंद्र ने यह पुरस्कार लगातार दूसरी बार प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल की गन्ना अनुसंधान टीम को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी। अनुसंधान निदेशक डॉ. एस. के. सहरावत ने बताया कि अपनी स्थापना से ही उचानी स्थित इस केंद्र ने गन्ना अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। गन्ना की उन्नत किस्में पैदा की हैं जिनमें प्रमुख हैं-को.एच.35, को.एच.56, को.एच.92, को.एच.99, को.एच.110, को.एच.119। इसी कार्यशाला में एक नयी किस्म को.एच.13263 केंद्रीय किस्म अनुमोदन समिति के समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत की गयी है, तथा नयी प्रविष्टियां विभिन्न केन्द्रों पर शोध हेतु भेजी गयी हैं, ताकि भविष्य में अच्छी किस्में तैयार की जा सकें। अभी हाल में हरियाणा राज्य किस्म अनुमोदन समिति ने इस केंद्र द्वारा विकसित अगेती किस्म को.एच.160 की सिफारिश की है। सस्य विज्ञान में गन्ना आधारित फसल-चक्र में कार्बन सिक्वेस्ट्रेशन, पर्यावरण परिवर्तन आधारित शोध कार्य काफी सराहनीय रहे हैं। रोग-रोधी व कीट-रोधी किस्में तैयार करने में इस केंद्र के वैज्ञानिकों की महती भूमिका रही है। इसके अलावा विभिन्न रोग व कीट प्रबंधन प्रणालियां विकसित की



गयी हैं। उन्होंने डॉ. धर्मवीर यादव, डॉ. रमेश, डॉ. मेहर चंद, डॉ. महावीर, डॉ. ओपी चौधरी, डॉ. विजय कुमार, डॉ. रणसिंह, डॉ. सुधीर शर्मा व गन्ना अनुसंधान टीम को बधाई दी तथा कहा हमें आशा है कि आने वाले समय में यह केंद्र भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण, अमर उजाला....
दिनांक..31.10.2019..... पृष्ठ सं....17, 1...... कॉलम...7, 8, 1...

## कृषि : सर्टिफिकेट कोर्सों के लिए कराएं रजिस्ट्रेशन

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा माली व फूलों की खेती पर दो सर्टिफिकेट कोर्सों का आयोजन नवंबर माह में किया जाएगा। संस्थान की सह निदेशिका डॉ. मंजू दहिया ने बताया कि इन कोर्सों में सीटें सीमित हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त प्रशिक्षणों में भाग लेने के इच्छुक युवक व युवतियां आधार कार्ड की कॉपी, जन्म प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र (फोटो कॉपी), एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ बालसमंद रोड पर स्थित किसान आश्रम के उपरोक्त संस्थान के कार्यालय में अपना नाम दर्ज करवाकर हिस्सा ले सकते हैं।

## एचएयू में नवंबर माह में दो प्रशिक्षण कोर्स होंगे शुरू

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा माली व फूलों की खेती पर दो सर्टिफिकेट कोर्सों का आयोजन नवंबर माह में किया जाएगा। संस्थान की सह निदेशका डा. मंजू दहिया ने बताया कि इन कोर्सों में सीटें सीमित हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रशिक्षणों में भाग लेने के इच्छुक युवक व युवतियां आधार कार्ड की कापी, जन्म प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र (फोटो कापी), एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ बालसमंद रोड पर स्थित किसान आश्रम के उपरोक्त संस्थान के कार्यालय में अपना नाम दर्ज करवाकर हिस्सा ले सकते हैं। (जासं)

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक...31.10.2019.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....8....

# फूलों की खेती का होगा कोर्स

हिसार, 30 अक्तूबर (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा माली व फूलों की खेती पर 2 सर्टीफिकेट कोर्स का आयोजन नवम्बर माह में किया जाएगा। संस्थान की सह-निर्देशिका डा. मंजू दहिया ने बताया कि इन कोर्स में सीटें सीमित हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...निज़ सौर्य टाइम्स...
दिनांक 30. 10. 2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 7-8

# माली व फूलों की खेती पर दो सर्टिफिकेट कोर्सों का आयोजन अगले माह

हिसार, 30 अक्तूबर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा माली व फूलों की खेती पर दो सर्टिफिकेट कोर्सों का आयोजन नवंबर माह में किया जाएगा। संस्थान की सह निदेशका डॉ. मंजू दहिया ने बताया कि इन कोर्सों में सीटें सीमित हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त प्रशिक्षणों में भाग लेने के इच्छुक युवक व युवतियां आधार कार्ड की कापी, जन्म प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र (फोटो कापी), एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ बालसमंद रोड पर स्थित किसान आश्रम के उपरोक्त संस्थान के कार्यालय में अपना नाम दर्ज करवाकर हिस्सा ले सकते हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......सिटी पल्स......
दिनांक 30.10.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-2

# एचएयू में माली व फूलों की खेती पर सर्टिफिकेट कोर्स नवंबर में

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा माली व फूलों की खेती पर दो सर्टिफिकेट कोर्सों का आयोजन नवंबर माह में किया जाएगा। संस्थान की सह निदेशका डॉ. मंजू दहिया ने बताया कि इन कोर्सों में सीटें सीमित हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त प्रशिक्षणों में भाग लेने के इच्छुक युवक व युवतियां आधार कार्ड की कापी, जन्म प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र (फोटो कापी), एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ बालसमंद रोड पर स्थित किसान आश्रम के उपरोक्त संस्थान के कार्यालय में अपना नाम दर्ज करवाकर हिस्सा ले सकते हैं।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........
दिनांक 31.10.2019......... पृष्ठ सं.....1.......... कॉलम.....1.......

## रक्तदान शिविर आज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 31 अक्तूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित होने वाले इस शिविर में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि शिविर के दौरान रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग आदि प्रमुख होंगे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक शौर्य टाइम्स......

दिनांक...30.10.2019...... पृष्ठ सं....2...... कॉलम...1-3......

# इंदिरा गांधी सभागार में रक्तदान शिविर कल

**हिसार, 30 अक्तूबर ( निस )।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 31 अक्तूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इंडियन रैडक्रॉस सोसाइटी, हिसार के सहयोग से विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित किए जा रहे इस शिविर में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने बताया कि शिविर के दौरान रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिनमें पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग आदि प्रमुख होंगे। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय की यूथ रैडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किया जाएगा जिसमें एनएसएस, एनसीसी के छात्र स्वैच्छिक रूप से अपनी सेवाएं देंगे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......सिटी पल्स......
दिनांक ...30.10.2019... पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-2...

# एचएयू इंदिरा गांधी सभागार में रक्तदान शिविर कल

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 31 अक्तूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, हिसार के सहयोग से विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित किए जा रहे इस शिविर में कुलपति प्रो. के.पी.सिंह मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने बताया कि शिविर के दौरान रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिनमें पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग आदि प्रमुख होंगी। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किया जाएगा जिसमें एनएसएस, एनसीसी के छात्र स्वैच्छिक रूप से अपनी सेवाएं देंगे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर, हरि भूमि, दैनिक जागरण
दिनांक 31.10.2019 पृष्ठ सं. 2, 14, 16 कॉलम 1-2, 1, 7-8

## बाबा विश्वकर्मा का भंडारा लगाया



**हिसार |** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के ट्रांसपोर्ट ऑफिस में बाबा विश्वकर्मा का 13वां विशाल भंडारा लगाया गया। इस अवसर लगभग 1650 लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस भंडारे का आयोजन हर साल ट्रांसपोर्ट ऑफिस द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी प्रमुख अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## हकृवि में भंडारा लगाया

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के ट्रांसपोर्ट ऑफिस में बाबा विश्वकर्मा का 13वां विशाल भंडारा लगाया गया। इस अवसर लगभग 1650 लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस भंडारे का आयोजन हर साल ट्रांसपोर्ट ऑफिस द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रमुख अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा दिवस पर एचएयू में प्रसाद वितरित

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के ट्रांसपोर्ट ऑफिस में बाबा विश्वकर्मा का 13वां विशाल भंडारा लगाया गया। इस अवसर लगभग 1650 लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस भंडारे का आयोजन हर साल ट्रांसपोर्ट ऑफिस द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी प्रमुख अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। (जास)